## खबर संक्षेप

### संगम घाट में जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ

**मण्डला।** प्रशासन वन स्टॉप सेंटर से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को संगम घाट जिला मण्डला में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अंतर्गत जन सामान्य को जागरूक करने हेतु संपर्क कार्यक्रम किया गया। जिसके अंतर्गत प्रशासक वन स्टॉप सेंटर मधुलिका उपाध्याय द्वारा लोगों को एनीमिया से बचने के लिये पोष्टिक अहार का सेवन करने, किसानों को फसल एवं सब्जियों में रासायनिक खाद के स्थान पर जैविक खाद का उपयोग करने एवं कीटनाशक जैसी विभिन्न दवाईयों का उपयोग सब्जियों में न करने की जानकारी दी गई। इसके अलावा 181 महिला हेल्पलाईन, डायल 100 सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाईन, साइबर सुरक्षा हेल्पलाईन 1930 के बारे में बताया बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं शी बॉक्स पोर्टल के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य की देख भाल, मासिक धर्म के समय स्वच्छता और विशेष स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में बताया गया। साथ ही वन स्टॉप सेंटर में दी जाने वाली सहायताओं के बारे में बताया। उक्त अभियान में केसवर्कर साक्षी पटवा और आशा नंदा उपस्थित रहे।

### किसान गिरदावरी और सर्वेयर क्रॉप सर्वे 21 जनवरी से 28 फरवरी तक

**मण्डला।** अधीक्षक भू अभिलेख मंडला ने बताया कि डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण मौसमी रबी 2024-25 के लिए सर्व तहसीलदार व नायब तहसीलदारों को निर्देशों का अनुशरण करने को कहा गया है। जारी निर्देशानुसार एमपी किसान ऐप के माध्यम से डिजिटल क्रॉप सर्वे के अंतर्गत एमपी किसान ऐप प्ले स्टोर से डाउनलोड कर ओटीपी से लॉगिन करें। जियो फेंस तकनीक द्वारा फसल का फोटो खींचकर फसल दर्ज/डाली हुई फसल का दावा आपत्ति की जानकारी भी ऐप के माध्यम से दर्ज की जाए। स्थानीय युवा का पंजीयन एवं प्रशिक्षण अंतर्गत आवश्यकतानुसार एक या एक से अधिक सर्वेयर का पंजीयन एमपी भूलेख से किया जाए। राजस्व निरीक्षक वृत्त स्तर पर संबंधित सर्वेयर को प्रशिक्षण राजस्व निरीक्षक द्वारा व तहसील स्तर पर मास्टर ट्रेनर द्वारा दिया जाए। संबंधित पटवारी द्वारा सर्वेयर को गिरदावरी के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया जाए एवं सर्वे कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए। समस्त पंजीयन 20 जनवरी 2025 तक, किसान गिरदावरी और सर्वेयर क्रॉप सर्वे 21 जनवरी से 28 फरवरी तक दिनांक निर्धारित किया गया है। राशि भुगतान में स्थानीय युवा को फसल सर्वेक्षण कार्य के लिए प्रति सर्वे नंबर अधिकतम 14 रू. देय होगा। नियत राशि सत्यापन उपरांत आधार से लिंक बैंक खाता में भुगतान की कार्यवाही पोर्टल के माध्यम से की जाएगी।

## वन विभाग की लापरवाही: नियमों को दर किनार

# वनों की कर रहे अंधाधुंध कटाई




*** मिली भगत से चल रहा सारा खेल।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/मवई

पूर्व सामान्य वन मंडल परिक्षेत्र मवई अंतर्गत पखवार बीट में हाल ही में कूप कटाई का कार्य संपन्न हुआ। हरे भरे जंगल को मैदानी क्षेत्र में परिवर्तित करने की दिशा में वृक्षों की कटाई हो गई। बिना अनुपात वृक्षों की ये कटाई समझ से परे है।जानकारों के अनुसार एक पेड़ से दूसरे कटने वाले पेड़ की दूरी लगभग 6 मीटर से ज्यादा होनी चाहिए किंतु क्षेत्र के जिम्मेदार डिप्टी रेंजर की लापरवाही के चलते मुख्य मार्ग के पास कटे अधिकांश पेड़ों को दूरी 3 मीटर से भी कम है ऐसे संभावना ये है कि कूप निकासी के आड़ में अवैध कटाई को क्षेत्र में वनों की रक्षा करने वाले अधिकारियों संरक्षण दिया जा रहा है।

मवई मुख्यालय को जबलपुर रायपुर मार्ग से जोड़ने वाले मुख्य मार्ग के दोनों तरफ घने जंगल दिखते थे जो अब अधिकांश क्षेत्र मैदान में परिवर्तित होते जा रहे है। जिम्मेदारी द्वारा लगातार कूप निकासी नियम को ताक में रखकर करवाई जा रही है कूप निकासी हेतु पेड़ चिन्हांकन में वन परिक्षेत्र पूर्व सामान्य के डिप्टी रेंजरों के मार्गदर्शन में सम्पन्न होता है ऐसे बिना अनुपात पेड़ो की कटाई, या डिप्टी रेंजरों द्वारा कटाई हेतु पेड़ो के चिन्हांकन में किसी भी प्रकार के माप दंड का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। फलस्वरूप वनांचल क्षेत्र के नाम से जाने जानेवाले मवई क्षेत्र को मैदानी क्षेत्र घोषित करवाने में वन विभाग बिल्कुल भी कसर नहीं छोड़ रहा है। संभावना बिना अनुपाद या बिना माप दंड हो रहे पेड़ो की लगातार कटाई से सवाल ये भी बन रहे है कि क्या अवैध कटाई को छिपाने कूप निकासी का सहारा तो नहीं लिया जा रहा है।

### मुख्य मार्ग में वन हो रहे वीरान, अधिकारियों का नहीं जाता ध्यान




दूरस्थ क्षेत्रों में होने वाली अनियमितताएं या लापरवाही जिले मैं बैठे आला अधिकारियों को भले नजर न आए किंतु मुख्य मार्ग से मुख्यालय मवई पहुंचने पर आसानी से वनों को मैदान बनते देखा जा सकता है। बात अवैध कटाई या बिना अनुपात कटाई की हो या वृक्षारोपण के नाम पर किए गए भ्रष्टाचार की सभी जगह जिम्मेदारो की लापरवाही नजर आ रही है किंतु जिले मैं बैठे आलाधिकारी कायवाही करने की बजाय अपनी मूक सहमति प्रदान कर रहें है।

## थाना महाराजपुर पुलिस ने 35 लीटर अंग्रेजी व देशी शराब किया जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

संगम घाट मेला भ्रमण दौरान प्राप्त सूचना पर लक्ष्मीकांत बैरागी निवासी संगम घाट बूढ़ी माई वार्ड महाराजपुर जिसने अपनी किराना दुकान के सामने संगम घाट मे अपने कब्जे मे बिक्री के आशय से अवैध अंग्रेजी शराब व देशी प्लेन शराब रखा हुआ था। जिसपर थाना महाराजपुर पुलिस द्वारा कार्यवाही के दौरान चार कार्टून जिसमे एक कार्टून मे 50 पाव गोवा व्हिस्की अंग्रेजी शराब प्रत्येक 180 एमएल का मात्रा 09 लीटर कीमती 5500 रूपये व अन्य 3 कार्टूनो मे मिलाकर कुल 147 पाव देशी प्लेन मदिरा प्रत्येक पाव 180 एमएल का शराब की मात्रा 26.460 लीटर कीमती 10290 रूपये जो कुल शराब 35.460 लीटर व कुल कीमती 15790 रूपये की रखे मिला जिसे गवाहों के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया। आरोपी के विरुध्द अपराध क्र. 21/2025 धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। कार्यवाही में शामिल-उक्त कार्यवाही में निरीक्षक ममता परस्ते थाना प्रभारी महाराजपुर, उपनिरी. योगेन्द्र चौहान, प्र.आर. रोशन नेगी, म.प्र. आर. महावती मसराम, आर. प्रियांश पाठक व अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

### प्राथमिक शाला दल्का में गैस सिलेण्डर की चोरी

**बकौरी।** कल दिनांक 15.01.2025 को प्राथमिक शाला दल्का में गैस सिलेण्डर की चोरी हो गई। रसोईये द्वारा बताया गया कि किचिन सेट का दरवाजा का कब्जा टूटा हुआ है जब शाला प्रधानाध्यापक एवं ग्रामीणजन द्वारार किचिन का निरीक्षण किया गया तो तीन गैस सिलेण्डर चोरी हो गई जिसमें से एक सिलेण्डर भरी हुई थी। 14.01.2025 की रात्रि में अज्ञात चोरो द्वारा गैस सिलेण्डर चोरी की गई है जिसकी शिकायत विकासखण्ड शिक्ष्ज्ञा अधिकारी को दी गई है।



## अभियान के दौरान बच्चों एवं वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण करना सुनिश्चित करें

*** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर के निर्देश।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने निर्देशित किया कि नेत्र ज्योति अभियान के दौरान प्रत्येक गांव, हाट-बाजारों तक पहुंचते हुये 6 से 18 वर्ष तक के बच्चों और 45 वर्ष से अधिक के वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण करना सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य विभाग का अमला पूरी संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि जिला तथा विकासखण्ड स्तर के अधिकारी फील्ड विजिट करते हुये अभियान के तहत संचालित गतिविधियों की मॉनीटरिंग करें।



कलेक्टर ने कहा कि आयुष्मान अभियान के तहत जिले में 70 वर्ष से अधिक के वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाने के अभियान को मिशन मोड में चलाएं। उन्होने कहा कि चिन्हांकन करते हुए 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों का शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाएं। प्रतिदिन लक्ष्य निर्धारित करते हुए लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाएं। योजना भवन में सम्पन्न हुई इस बैठक में अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर आशुतोष ठाकुर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के.सी. सरोते सहित संबंधित उपस्थित थे।

## गणतंत्र दिवस समारोह 2025 के गरिमा पूर्वक मनाने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी मण्डला ने कार्यालय में रखी बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

26 जनवरी 2025 गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह स्थल पुलिस लाइन ग्राउंड मंडला में आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत आज दिनांक 15 जनवरी 2025 को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय मंडला में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई शासन के निर्देशानुसार थीम के अंतर्गत यह कार्यक्रम शालीनता एवं राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति विद्यालयों द्वारा दी जावेगी। परेड में विद्यालय स्तर से एनसीसी, स्काउट, गाइड, रेड क्रॉस के छात्र-छात्राएं परेड में भाग ले सकेंगे। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी बरकड़े ,डाइट प्राचार्य राजेश जायसवाल, सहायक आयुक्त जनजाति कार्यालय से स्काउट प्रभारी दिनेश दुबे एवं नगरीय निकाय स्कूलों से प्राचार्य डीके गुप्ता, शुभम मिश्रा, भागवत सिंगौर, डॉ स्वल्पा बड़गैंया, समीर खान, शैलेश पटेल, राजकुमारी मर्सकोले, ब्रजमी बैरागी ,आशी अग्रवाल, सोनाली कछवाहा, सुषमा पटेल, निधि श्याम, अभिषेक श्रीवास, शैलेन्द्र उइके, मिली सिंह, सीमा तिवारी, शिक्षा विभाग कार्यालय से कंधी लाल मरकाम मौजूद रहे।


**कार्यालय नगर परिषद बम्हनी बंजर जिला मण्डला म.प्र.**

क्र./न.प./2024/28 — बम्हनी बंजर दि. 13/01/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली मे पंजीकृत ठेकेदार से ऑन-लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयवधि एंव लागत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य एंव ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD_370001_2 दिनांक - 13.01.2025 | वार्ड क्रमांक 13 मे हॉकर्स जोन में दुकान क्रमांक 01 अनारक्षित (साईज 5.05Mx1.30M = 5.27M2) | 30 वर्ष लागत राशि 589919.00 | 2000.00 रूपये ईएमडी 11798.00 | 31.01.2025 |
| 2 | 2024_UAD_370002_2 दिनांक - 13.01.2025 | वार्ड क्रमांक 13 मे हॉकर्स जोन में दुकान क्रमांक 02 अनारक्षित (साईज 4.05Mx1.30M = 12.15M2) | 30 वर्ष लागत राशि 829516.00 | 2000.00 रूपये ईएमडी 16590.00 | 31.01.2025 |
| 3 | 2024_UAD_370003_2 दिनांक - 13.01.2025 | वार्ड क्रमांक 13 मे हॉकर्स जोन में दुकान क्रमांक 03 अनारक्षित (साईज 4.05Mx3.00M = 12.15M2) | 30 वर्ष लागत राशि 829516.00 | 2000.00 रूपये ईएमडी 16590.00 | 31.01.2025 |
| 4 | 2024_UAD_370004_2 दिनांक - 13.01.2025 | वार्ड क्रमांक 13 मे हॉकर्स जोन में दुकान क्रमांक 04 अनारक्षित (साईज 5.04Mx3.20M = 12.96M2) | 30 वर्ष लागत राशि 857725.00 | 2000.00 रूपये ईएमडी 17154.00 | 31.01.2025 |
| 5 | 2024_UAD_370005_2 दिनांक - 13.01.2025 | वार्ड क्रमांक 13 मे हॉकर्स जोन में दुकान क्रमांक 05 अनारक्षित (साईज 5.04Mx3.75M = 15.85M2) | 30 वर्ष लागत राशि 958370.00 | 2000.00 रूपये ईएमडी 19167.00 | 31.01.2025 |
| 6 | 2024_UAD_370006_2 दिनांक - 13.01.2025 | वार्ड क्रमांक 13 मे हॉकर्स जोन में दुकान क्रमांक 06 अनारक्षित (साईज 3.10Mx2.00M = 6.20M2) | 30 वर्ष लागत राशि 622306.00 | 2000.00 रूपये ईएमडी 12446.00 | 31.01.2025 |
| 7 | 2024_UAD_370007_2 दिनांक - 13.01.2025 | वार्ड क्रमांक 13 मे हॉकर्स जोन में दुकान क्रमांक 07 अनारक्षित (साईज 2.18Mx2.17M = 6.90M2) | 30 वर्ष लागत राशि 646684.00 | 2000.00 रूपये ईएमडी 12934.00 | 31.01.2025 |
| 8 | 2024_UAD_370008_2 दिनांक - 13.01.2025 | वार्ड क्रमांक 13 मे हॉकर्स जोन में दुकान क्रमांक 08 अनारक्षित (साईज 3.18Mx2.83M = 900M2) | 30 वर्ष लागत राशि 719817.00 | 2000.00 रूपये ईएमडी 14396.00 | 31.01.2025 |
| 9 | 2024_UAD_370009_2 दिनांक - 13.01.2025 | वार्ड क्रमांक 13 मे हॉकर्स जोन में दुकान क्रमांक 09 अनारक्षित (साईज 3.35Mx3.07M = 10.28M2) | 30 वर्ष लागत राशि 764393.00 | 2000.00 रूपये ईएमडी 15288.00 | 31.01.2025 |
| 10 | 2024_UAD_370010_2 दिनांक - 13.01.2025 | वार्ड क्रमांक 13 मे हॉकर्स जोन में दुकान क्रमांक 10 अनारक्षित (साईज 8.37Mx2.80M = 9.44M2) | 30 वर्ष लागत राशि 735140.00 | 2000.00 रूपये ईएमडी 14703.00 | 31.01.2025 |
| 11 | 2024_UAD_370011_2 दिनांक - 13.01.2025 | वार्ड क्रमांक 13 मे हॉकर्स जोन में दुकान क्रमांक 11 अनारक्षित (साईज 4.30Mx3.00M = 12.90M2) | 30 वर्ष लागत राशि 855635.00 | 2000.00 रूपये ईएमडी 17113.00 | 31.01.2025 |

नोट-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन की स्थिति मे ऑन लाईन की वेबसाइट पर ही किया जावेगा समाचार पत्रो में प्रकाशन नही किया जावेगा

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद् बम्हनी बंजर**


**प्रतियोगिता** | आज़ाद स्पोर्ट्स क्लब टिकरिया के तत्वाधान में आयोजित आज़ाद कप सीजन-3 टी-20 लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता।

# वाय.एफ.सी. स्पोर्ट्स क्लब एवं आज़ाद स्पोर्ट्स क्लब ने जीता मैच

*** आज़ाद स्पोर्ट्स क्लब टिकरिया के शुभम नीखर एवं स्टाइलिश प्लेयर सुपर वॉरियर्स मंडला के हार्दिक रहे मैन ऑफ मैच।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला







आज़ाद स्पोर्ट्स क्लब टिकरिया के तत्वाधान में आयोजित आज़ाद कप सीजन-3 टी-20 लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार का पहला मुकाबला फाइन कैपिटल मंडला और वाय.एफ.सी. स्पोर्ट्स क्लब मंडला के बीच खेला गया। जिसमे वाय.एफ.सी. स्पोर्ट्स क्लब मंडला ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फ़ैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वाय.एफ.सी. स्पोर्ट्स क्लब मंडला ने निर्धारित 20-20 ओवरो के इस मैच में 8 विकेट खोकर 161 रन बनाये। जिसमे वाय.एफ.सी. स्पोर्ट्स क्लब मंडला की ओर से बल्लेबाजी में धर्मेंद्र और अनुज परमार ने 53-53 रन अभय ने 11 रन और दर्श बाजपेयी ने नाबाद 10 रनों का योगदान अपनी टीम को दिया! फाइन कैपिटल मंडला की ओर से गेंदबाजी में अनुराग और सुशांत ने 2-2 विकेट प्रदीप सोनी संजीत और अखिल ने 1-1 सफलता अर्जित की! 162 रनो के लक्ष्य का पीछा करते हुए फाइन कैपिटल की धीमी सुरुआत के चलते निर्धारित 20 ओवरों में विकेट 9 खोकर 107 रन ही बना सकी। फाइन कैपिटल मंडला की ओर से बल्लेबाजी में ऋषि रघुवंशी ने 28 रन अनस ने 18 रन ऋषि कबीर ने 15 रन अनुराग ने 15 रन और दीपक ने नाबाद 11 रनो का योगदान अपनी टीम को दिया। वाय.एफ.सी. स्पोर्ट्स क्लब मंडला की ओर से गेंदबाजी में निहाल गायकवाड ने 4 विकेट अनुज परमार ने 3 विकेट सौरभ दहिया और अमन चीचम ने एक 1-1 सफलता अर्जित की। इस प्रकार वाय.एफ.सी. स्पोर्ट्स क्लब मंडला ने इस मैच को 54 रनों से जीत लिया और अगले राउंड में प्रवेश किया। इस मैच के मैंन ऑफ़ द मैच वाय.एफ.सी. स्पोर्ट्स क्लब मंडला के अनुज परमार और स्टायलिश प्लेयर फाइन कैपिटल मंडला के अनुराग यादव रहे। इस मैच के निर्णायक आकाश बर्मन और नयन अग्रवाल रहे।

प्रतियोगिता में बुधवार के दिन का दूसरा मुकाबला आज़ाद स्पोर्ट्स क्लब टिकरिया और सुपर वॉरियर्स मंडला के बीच खेला गया। जिसमे सुपर वॉरियर्स मंडला ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सुपर वॉरियर्स मंडला ने निर्धारित 18-18 ओवरों के इस मुकाबले में अपने 8 विकेट खोकर 105 रन ही बना सकी। जिसमे संदीप मारकाम ने 21 रन किशोर ने 19 रन शाहरुख ने 12 रन और बिट्टू ने 11 रनों का योगदान अपनी टीम को दिया। आज़ाद स्पोर्ट्स क्लब टिकरिया की ओर से गेंदबाजी में शुभम नीखर ने 3 विकेट गौरव राजू ने 2 विकेट बंटी और उमेश ने 1-1 सफलता अर्जित की। 106 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए आज़ाद स्पोर्ट्स क्लब टिकरिया ने मैच को 14 ओवर 4 बॉल मेंआसानी से जीत लिया। आज़ाद स्पोर्ट्स क्लब टिकरिया की ओर से बल्लेबाजी में बंटी ने नाबाद 30 रन अरुण कुर्राम ने 20 रन उत्कर्ष पटेल ने नाबाद 17 रन और अक्षय चंद्रौल ने 11 रनों का योगदान अपनी टीम को दिया। सुपर वॉरियर्स मंडला की ओर से गेंदबाज़ी में जिनेश शुभम बिट्टू ने और मनोज उइके ने 1-1 सफलता अर्जित की। इस प्रकार इस मुकाबले को आज़ाद स्पोर्ट्स क्लब टिकरिया ने आसानी से इस मैच को 6 विकेटों से जीत लिया और अगले दौर में प्रवेश किया। इस मुकाबले के मैन ऑफ द मैच आज़ाद स्पोर्ट्स क्लब टिकरिया के शुभम नीखर रहे और स्टाइलिश प्लेयर सुपर वॉरियर्स मंडला के हार्दिक रहे। इस मैच में निर्णायक की भूमिका आकाश बर्मन और नितांत ठाकुर ने निभाई एवं स्कोरर विशाल कछवाहा रहे।

गुरुवार के दिन पहला मुकाबला फाइन स्पोर्ट्स क्लब मंडला एवं फाइटर मंडला के बीच सुबह 10:00 बजे से और गुरुवार के दिन का दूसरा मुकाबला दोपहर 1:30 बजे से पंचशील बरघाट और नर्मदा स्पोर्ट्स क्लब जबलपुर के बीच खेला जायेगा।

## खबर संक्षेप

### प्रोटोकाल की धज्जियाँ उड़ाते हुये तैयार किया गया आमंत्रण कार्ड बना चर्चा का विषय

गाडरवारा। इस बात की शायद कभी किसी ने कल्पना तक नही की गई हो कि जतना द्वारा चुने गये प्रतिनिधि के अंदर भरी हुई सज्जनता व सहन शीलता का प्रशासन तंत्र में बैठे हुये अधिकारियों द्वारा प्रोटोकाल की धज्जियाँ उड़ाते हुये इस तरह दद्दा को भैया से छोटा बना दिया जावेगा...? गाडरवारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत लगने वाला सबसे बड़ा बरमान मेले ने संपूर्ण प्रदेश में अपनी एक अलग पहचान व गरिमा हासिल की गई है। इसी का परिणाम है कि हर साल इस मेले में दूर दूर के दुकानदार अपनी दुकाने लेकर पहुंचते है। वही दूसरी ओर लगभग एक माह तक चलने वाले इस मेले में लाखों की संख्या में लोगों को पहुंचने के कारण संपूर्ण जिले का प्रशासन तंत्र रात दिन एक करते हुये देखा जाता है। वही दूसरी ओर इस मेले का शुभारंभ हर साल जिला प्रशासन के निर्देशन गाडरवारा तहसील के जिम्मेदार अधिकारियों तथा जनपद पंचायत चांवरपाठा की देखरेख में 12 जनवरी को होता है। जब मेले का शुभारंभ होता है तो संपूर्ण जिम्मेदार प्रशासन के अधीन रहने के साथ साथ जिले के जनप्रतिनिधियों को सम्मान देते हुये उनके माध्यम से मेले का शुभारंभ कराया जाता है। मगर इस वर्ष जिस तरह मेला शुभारंभ के अवसर पर प्रशासन द्वारा जो आमंत्रण कार्ड छपवाते हुये वितरण किये गये है उसमें खुलेआम प्रोटोकाल की धज्जियाँ उड़ाने में कोई कसर नही छोड़ी गई है। वही दूसरी ओर क्षेत्र विधायक को कार्ड में जिस तरह जगह उपलब्ध कराई गई है वह चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रही है? बताया जाता है कि मेला समिति द्वारा वितरण किये गये आमंत्रण कार्डो में मेला शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सबसे पहले प्रदेश के पंचायत मंत्री को स्थान दिया गया। वही विशिष्ट अतिथि के रूप में दूसरे स्थान पर प्रदेश के शिक्षा व परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, तीसरे स्थान पर मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते व चौथें स्थान पर क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह तथा पंचम स्थान पर पूर्व राज्य सभा सासंद कैलाश सोनी को स्थान प्रदान किया गया है। मगर छटवे स्थान पर पूर्व मंत्री जालम सिंह, सातवे स्थान पर गोटेगांव विधायक महेन्द्र नागेश, आठवे स्थान पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति ज्योति नीलेश काकोडिया तथा नवे स्थान पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमति अनीता राजेन्द्र ठाकुर, दसवे स्थान पर पूर्व विधायक भैयाराम पटैल, ग्यारहवे स्थान पर भाजपा जिला अध्यक्ष अभिलाष मिश्रा, बारहवे स्थान पर जनपद पंचायत अध्यक्ष चांवरपाठा सोवरन सिंह ठाकुर, व तहरवे स्थान पर चावरपाठा जनपद उपाध्यक्ष आशुष रघुवंशी को स्थान मिला है। इन सबके अंतिम स्थान पर क्षेत्र के विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल मुलायम भैया को चौदहवे स्थान पर रखा गया है। इस तरह कार्ड के अंतिम छोर पर क्षेत्र के विधायक का नाम होना कानून के जानकारों द्वारा जहां इसे प्रोटोकाल की अव्हेहना बताया जा रहा है तो दूसरी ओर कुछ लोग यह बात कहने से भी नही चूक रहे है कि यदि यही कार्ड आज से दो साल पहले छापा होता तो फिर क्या होता इसकी कल्पना करना भी संभव नही हो सकता है...? क्योंकि प्रशासन के निगरानी में मेला समिति द्वारा तैयार किये गयें...?

### पुष्पा दीक्षित का निधन



बारहाबड़ा। जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाले ग्राम बारहाबड़ा निवासी प्रतिष्ठत दीपक, नितिन व स्वाति दीक्षित की माताश्री श्रीमति पुष्पा दीक्षित का बीते हुये दिवस निधन हो गया। वह लगभग 71 साल की थी। स्व पुष्पा दीक्षित की शव यात्रा में सभी वर्ग के लोगों ने शामिल होकर उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये गये।

# शादियों का सीजन शुरू होते ही नगर की सड़कों पर फिर देखाई देंगे जाम के नजारे, नगर के अंदर संचालित शादी कर आमजन के लिये बन रहे परेशानी का कारण, शहर में सभी मापदंड दरकिनार





**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** शादियों के सीजन में बीते हुये एक माह से लगे हुये ब्रेक के बाद अब फिर शुरूआत हो चुकी है। इस हाल में आम लोगों को जिस तरह की परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जाता है उसे लेकर प्रशासन की भूमिका सदा ही चर्चा का विषय बनने से नही चूक पाती है..? क्योंकि नगर में देखा जा रहा है कि लोगों द्वारा अपने निजी स्वार्थ व पैसा कमाने के चलते निमय विरूद्व जहां तहां शादी घर खोलने से नही चूक रहे है। जबकि नियम के अनुसार शादी घरों के संचालन की सच्चाई पर गौर किया जावे तो किसी भी शादी घर को खोलने के लिये शासन द्वारा निर्धारित मापदंड बनाये गये है और उनका पालन करते हुये शादी घरों का संचालन किया जाना जरूरी होती है। मगर शायद की नगर में संचालित होने वाले इन शादी घरों में शासन के माप दंडो का पालन होते हुये देखा जा रहा हो..? मगर इसके बाद भी सच्चाई को नगर अंदाज करते हुये प्रशासन द्वारा जिस प्रकार से चुप्पी साधी जा रही है उसके चलते नगरवासियों के लिए परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। नियम के अनुसार बताया जाता है कि किसी भी शादी घर उस जगह पर होना चाहिए जिसमें आयोजन के दौरान होने वाले ध्वनि प्रदूषण से किसी व्यक्ति को परेशानी का सामना न करना पड़े। वही लोगों को अपने वाहन खड़े करने के लिए जहां अच्छी पार्किग व्यवस्था होने के साथ साथ अन्य सुविधाएं भी उलब्ध रहना चाहिए, इसके आलवा शादी घरों का संचालन संबंधी शासन द्वारा जो नियम बनाये गये है उनके अनुसार म.प्र. भूमि विकास नियम के तहत किसी भी मैरिज गार्डन यानि की शादी घर के लिये न्यूनतम भूमि एक हैक्टेयर होना अनिवार्य है तथा उसमें सामने की ओर सड़क की न्यूनतम लंबाई 18 मीटर तथा परिसर का न्यूनतम हिस्सा सामने की ओर 40 मीटर होने के साथ साथ वाहन पार्किग की व्यवस्था तो सबसे जरूरी होने के आलवा अन्य सुविधाएं भी जरूरी मानी जाती है। इन व्यवस्थाओं



के बीच चलते हुये शायद ही नगर में कोई शादी घर मिल पायेगा...? हाल यह बना हुआ है कि नगर के अंदर संचालित शादी घरों के वाहन मुख्य मार्गो प्र खड़े रहने के कारण आमजन को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जाता है। क्योंकि नगर में जिस प्रकार से लोगों द्वारा अपने निजी स्वार्थ व कमाई के लालच को ध्यान में रखते हुये जहां तहां बनाये जा रहे शादी घरों के कारण उस क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों को अनेक प्रकार के परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तो वही दूसरी रहवासी क्षेत्रों में संचालित होने वाले इन शादी घरों में रात रात भर होने वाले शोरगुल के चलते बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित होते हुये देखी जा रही है। जबकि नियम के अनुसार मा. उच्च न्यायालय के अनुसार रात्रि 10 बजे के बाद सभी प्रकार के ध्वनि यंत्रों में प्रतिबंध होने के बाद भी इन शादी घरों में रात रात भर ध्वनियंत्र चलते हुये देखे जाते है। वही दूसरी ओर पार्किग व्यवस्था नही होने के कारण इन मैरिज गार्डनों में शादी समारोह आयोजित होते है तो मुख्य सड़कों पर वाहनों के खड़े होने के कारण जाम की स्थिति निर्मित होने से विवाद की स्थिति पैदा होना आम बात बुन चुकी है..? कुछ शादी घरों की सच्चाई तो इस प्रकार से देखी जा रही है कि जहां शादी घर मालिकों द्वारा पहले जिस भूमि को कालोनी बनाने की सोच के चलते लोगों को प्लाट बेचना शुरू किया गया था और कुछ प्लाट बिकने के बाद जब शेष प्लाट नही बिके तो उसी भूमि पर शादी घर बनाते हुये इन कालोनियों के प्लाट लेकर मकान बनाने वालों के लिये जिन्दगी भर के लिये मुश्बित खड़ी करते हुये अपना शादी घर बनाते हुये पैसा बटोरना शुरू कर दिया गया है। इस तरह कालोनाईजरों द्वारा प्लाट खरीदने वालों को गुमराह करते हुये बनाये गये इन शादी घरों के चलते वहां लोगों को लगातार परेशान होते हुये देखा जा रहा है। इतना ही नही रहवासी क्षेत्रों में संचालित होने वाले इन शादी घरों से निलने वाली जूठन को जब उनके द्वारा सड़कों या फिर नाली में डाल दिया जाता है कि संपूर्ण क्षेत्र में गंदगी फैलने से लोगों का जीना दूभर होते हुये दिखाई देने लगा है। मगर प्रशासन द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने का परिणाम है कि नगर में लोगों द्वारा अपने रहवासी मकानों व काम्पलेक्सों को शादी घर में परिवर्तित करते हुए कमाई करने में लगा हुआ देखा जा रहा है जो मकान कभी रहवासी हुआ करते हुआ करते थें आज वह शादी घर बनकर जहां मकान मालिको के लिये दुधारू गाय बन गये है तो आसपास निवास करने वाले लोगों के लिये परेशानी का कारण साबित होने से नही चूक रहे है? इस तरह नगर में चल रहे शादी घरों के पंजीयन पर गौर किया जावे तो नियम के तहत शायद ही किसी के पास शासन द्वारा अपने भवनों को शादी घर के रूप में चलाने के पंजीयन दर्ज मिल पायेगा? मगर इसके बाद भी स्थानीय प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार से ध्यान नही दिये जाने के कारण लोगों द्वारा नगर के अंदर अपने भवनों का निर्माण करने के बाद या तो उन्हें किसी आफिस या अन्य कार्य के लिए किराय पर दे दिया जाता है और बाद में उसका स्वरूप बदलते हुए शादी घर बनाते हुए कमाई करने में लग जाते है? इस प्रकार से नगर के अंदर लगातार शुरू होते जा रहे शादी घर के मालिकों द्वारा की जा रही मनमानी के चलते आम लोगों की जिन्दगी दूभर होने से नही चूक पा रही है। वही दूसरी ओर नगर के अंदर संचालित हो रहे शादी घरों में जब बराते लगती है तो जहां संपूर्ण सड़कों पर कब्जा कर लिया जाता है जिससे कई घंटो तक यातायात व्यवस्था बदहाल होने से नही चूक पाती है। इस तरह नगर में चल रहे इन शादी घरों में रात रात भर होने वाले ध्यनि यंत्र को नजर अंदाज करना प्रशासन की उदासीनता का खुला प्रमाण उजागर होते हुये जान पड़ रहा है। क्षेत्र के जिम्मेदार अधिकारियों से नगरवासियों द्वारा अपेक्षा व्यक्त की गई है कि नगर में संचालित होने वाले इन शादी घरों की खोज खबर लेते हुये रात रात रात चलने वाले ध्वनि यंत्रों के साथ साथ मुख्य मार्गो पर कब्जा जमाने वाले रवैया पर अंकुश लगाया जावे।



# मकर संक्रांति के दूसरे दिन भी नर्मदा तटों पर उमड़ते हुये देखी गई भक्तों की भीड़, अनेक जगहों पर मेलों में उमड़ा सैलाब

हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।

हर वर्ष संक्राति के महा पर्व के चलते क्षेत्र के नर्मदा तटो पर जिस प्रकार से भीड़ उमड़ते हुये देखी जाती है, उसके चलते संपूर्ण क्षेत्र में धर्म की गंगा बहने से नही चूकती है। कुछ इसी प्रकार से इस वर्ष भी मकर संक्राति के मौके पर जहां क्षेत्र के नर्मदा तटो पर भक्तों की भीड़ उमड़ते हुये देखी गई। वही दूसरी ओर इस वर्ष मकर संक्रति का पर्व दो दिन होने के क्षेत्र के नर्मदा तटों पर 14 जनवरी मंगलवा के दिन भी मेला लगा रहा और नर्मदा जी के तटों पर भारी भीड़ देखने मिली तो वही दूसरी दिन यानि की कल बुधवार 15 जनवरी को भी मकर संक्राति पर नर्मदा स्नान का विशेष पर्व होने के चलते क्षेत्र के नर्मदा घाटों पर भक्तों की भीड़ उमड़ते हुये देखी गई। क्योंकि मकर संक्रांति का विशेष पर्व 15 जनवरी को कुछ समय तक के लिये होने के चलते लोगों ने दूसरे दिवस पूर्ण खुशी के महौल में मकर संक्रांति अपने परिवार के लोगों के साथ मनाते हुये क्षेत्र में लगने वाले मेलों में पहुंचकर आनंद लिया। इस प्रकार से इस वर्ष लगातार दो दिन मकर संक्राति का पर्व होने के चलते नर्मदा तटों सहित अन्य जगहों पर दो दिन तक मेला लगे रहे, जिसके चलते क्षेत्र के लोगों ने इन मेलों में पहुंचकर जहां खूब मस्ती की गई। वही दूसरी ओर मंगलवार को परम्परागत मंगर संक्रांति होने के चलते भीड़ रही तो दूसरी ओर 15 जनवरी बुधवार को मकर सक्रांति पर कुछ समय तक के लिये ही विशेष पर्व होने के चलते इस तरह दोनों ही दिनों को मकर संक्रति का पर्व होने के कारण क्षेत्र के प्रमुख माने जाने वाले झिकोली, शोकलपुर, ककराघाट, भटेरा, कोठिया, घघरौला खर्द, लिंगा खुर्द सहित अन्य नर्मदा तटों पर भी भक्तों की भीड़ दिन भर ही उमड़ते हुये देखी गई जिसके चलते हजारों लोगों ने नर्मदा पहुंचते हुये जहां माँ नर्मदा जी के निर्मल नीर में आस्था की डुबकी लगाई गई। वही दूसरी ओर माँ नर्मदा का पूजन अर्चन करते हुये क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की गई। वही समीपस्थ झिकोली नर्मदा घाट पर लगातार दो दिन तक चले हुये मेले में लगातार जन सैलाब उमड़ते हुये देख गया। इस प्रकार से झिकोली के दोनों ओर लगे हुये मेले का आकर्षण अनोखा ही देखने मिलता है। क्योंकि जिले की बार्डर पर लगने वाले इस मेले की सुरक्षा का दायित्व जहां उस पार रायसेन जिले की पुलिस का होता है, वही इस पार नरसिंहपुर जिले की पुलिस का रहता है। इस प्रकार से जिले की बार्डर पर लगने वाले इस मेला को लेकर प्रशासन द्वारा विशेष सुरक्षा व्यवस्था बनाई जाती है।

## नगर में अचानक महिला भिखारियों की संख्या में इजाफा बना चर्चा का विषय, कुछ दिनों पहले मोबाईल चोरी की घटना को अंजाम देने वाली महिलाओं को खोजने में पुलिस आज भी असफल...

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** इस समय नगर में देखा जा रहा है कि जिस प्रकार से बाहरी लोग अपना डेरा जमाते हुए आये दिन किसी ने किसी कृत्य को अंजाम देते हुए देखे जा रहे है । इस बात को लेकर लोगों में दहशत की स्थिति देखने मिल रही है..? मगर इस बात को शायद न तो पुलिस प्रशासन गंभीरता पूर्वक लेते हुए दिखाई पड़ रहा है और नही अन्य कोई समाजसेवी संस्थाओं द्वारा जिससे नगरवासी इन बाहरी लोगों की नगर में लगातार बढ़ रही फौज के चलते अपने आप को असुरक्षित महसूस करते हुए दिखाई देने से नही चूक पा रहे है? यदि इस सच्चाई पर गौर किया जावे तो पूर्व के समय में पुलिस द्वारा वाहन चोरी से लेकर मादक पदार्थो के आलवा अन्य घटनाओं में पकड़े गये अनेक आरोपियों में बाहरी लोग ही शामिल थें जो दिन भर नगर में भ्रमण करते हुए रात को घटनाओं को अंजाम देने के बाद गायब हो जाते है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई पुनः नगर में दिखाई पड़ रही है जिसके चलते अनेक भेषों में जिस प्रकार से नगर की सड़को पर अनजान चेहरे दिखाई दे रहे है।




## पत्रकारों को सम्मान देते हुये प्रजापित ब्रम्हाकुमारी में आयोजित किया स्नेह सम्मेलन





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** स्थानीय लक्ष्मी टाउन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय प्रभु उपवन आश्रम में बीते हुये दिवस नये साल के मौके पर स्नेह सम्मेलन तथा जिला मुख्यालय पर प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित किये जा रहे 3 फरवरी के आयोजन की तैयारियों को लेकर पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। इस अवसर पर दीप प्रज्वलित किया गया व आमंत्रित अतिथियों को तिलक लगाकर पुष्प भेंट करने के साथ ही संस्था में बच्ची द्वारा स्वागत गीत पर नृत्य की प्रस्तुति दी गई । वही नरसिंहपुर से पधारी हुई ब्रह्माकुमारी दिव्य संस्कार भवन की संचालिका कुसुम दीदी ने संबोधित करते हुए कहा कि नए वर्ष में नए संदेश के साथ हम सभी नए युग को लाने के लिए प्रयासरत रहें । पत्रकार जगत समाज को दर्पण दिखाने का व समाज की दिशा और दशा को परिवर्तित करने का काम करता है । कलम के माध्यम से पत्रकार समाज के उत्थान में लगे रहते हैं उनकी सेवा सराहनीय है । पत्रकारों से निवेदन है कि आगामी 3 फरवरी को परमहंस कॉलेज ग्राउंड खैरी नाका नरसिंहपुर में भाग्य की कलम आपके हाथ, सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जा रहा है जिसमे ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी जी का आगमन हो रहा है उनके प्रेरणादायी उद्बोधन सुनने के लिए अधिक से अधिक संख्या में नरसिंहपुर पहुचे ओर इस आयोजन में सहयोग प्रदान करे। वही ब्रह्माकुमारी प्रभु उपवन आश्रम की संचालिका उर्मिला दीदी ने बताया कि इस आयोजन में आध्यात्मिक विभूतियों का प्रेरणा देने वाला सानिध्य प्राप्त होगा । मौके पर मौजूद नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा ने कहा कि प्रभु उपवन आश्रम में आध्यात्मिक आनंद प्राप्त होता है हम सभी लोग प्रयास करेंगे की ज्यादा से ज्यादा धर्मप्रेमी जन अविस्मरणीय कार्यक्रम में शामिल हो । इसी प्रकार से समाजसेवी मिनेन्द्र डागा, रवि शेखर जायसवाल, श्रीमती शिरोमणि चौधरी, अजय खत्री, मुकेश बसेड़िया, मनीष जायसवाल, अब्दुल फिरोज खान, आशीष राय अशोक राजपूत सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित करते हुए यथा संभव सहयोग करने की बात करते हुए कहा कि हम सभी लोग मिलकर नगर की समाजसेवी संस्थाओं के साथ प्रचार प्रसार कर लोगो से नरसिंहपुर पहुँचने के लिये प्रेरित करेगे। वही प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय प्रभु उपवन आश्रम द्वारा अतिथियो एवं पत्रकारों को नए वर्ष का कैलेंडर एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया ।

**खबर संक्षेप**

## बाघ को रेस्क्यू कर संजय टाइगर रिजर्व किया रवाना



**उमरिया।** उप संचालक, बांधवगढ टाइगर रिजर्व प्रकाश कुमार वर्मा उमरिया की उपस्थिति में वन्यप्राणी चिकित्सक दल एवं रेस्क्यू टीम द्वारा परिक्षेत्र मगधी स्थिति बहेरहा इन्क्लोजर क्रमांक 5 में रखे गये नर बाघ को सफलता पूर्वक रेस्क्यू कर संजय टाइगर रिजर्व सीधी के लिये रेस्क्यू ट्रक में रवाना किया गया। रेस्क्यू के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के साथ डॉ0 राजेश तोमर पशु चिकित्सक के साथ-साथ संजय टाइगर रिजर्व सीधी की पशुचिकित्सक टीम एवं दीपक राज परिक्षेत्र अधिकारी मगधी अपनी रेस्क्यू टीम के सदस्यों के साथ उपस्थित रहे।

## आज आयोजित किए जाएंगे शिविर

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत जिले के नगरीय निकाय उमरिया में 16 जनवरी 2025 को शिविर आयोजित किया गया है। उन्होनें बताया कि नगर पालिका उमरिया अंतर्गत आंगनबाडी भवन वार्ड क्रमांक 9 नंबर कालोनी , नगर परिषद मानपुर में वार्ड क्रमांक 14 आंगनबाडी केंद्र खिचकिडी तथा नगर परिषद चंदिया के वार्ड क्रमांक 14 सिध्द आश्रम के पास शिविर आयोजित किया गया है ।

## मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत आयोजित होगा शिविर

**उमरिया।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत जिले के करकेली, मानपुर तथा पाली में 16 जनवरी 2025 को शिविरो का आयोजन किया गया है जिसमें नयागांव, अतरिया, बडखेरा 22, पनपथा तथा भिम्माडोगरी में शिविर आयोजित किया गया है ।

## मकर संक्रांति विषय पर निबंध प्रतियोगिता संपन्न



**उमरिया।** मकर संक्रांति का पर्व जिले भर मे धूमधाम के साथ मनाया गया । इस अवसर पर करकेली विकासखण्ड के ग्राम लोरहा स्थित हायर सेकेण्डरी स्कूल में छात्राओं के मध्य मकर संक्रांति विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे बडी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया एवं अपने अपने विचार व्यक्त किए । इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित रहें।

# भाजपा जिलाध्यक्ष नव नियुक्त चमरू सिंह नेताम का जोरदार स्वागत

### केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार कार्यकर्ताओं का हार्दिक अभिनंदन - नेताम







**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी ।** विगत दिवस भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के द्वारा भारतीय जनता पार्टी जिला डिण्डोरी के जिलाध्यक्ष पद पर चमरू सिंह नेताम की आधिकारिक घोषणा की है जिसके पश्चात भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के द्वारा लगातार बधाई एवं शुभकामनाएं नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम को दी जा रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष नियुक्त होने के पश्चात चमरू सिंह नेताम का डिण्डोरी जिला कार्यालय पर आगमन होने पर जिला कार्यालय में मौजूद पदाधिकारियों ने आतिशबाजी कर फूलमाला के साथ भव्य स्वागत किया एवं जिला कार्यालय में प्रवेश के पूर्व नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने कार्यालय की सीढ़ी पर माथा टेका फिर कार्यालय में प्रवेश किया। सभी अतिथियों के द्वारा भाजपा के पितृपुरुष पं दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के तेलीय चित्र पर माल्यार्पण व तिलक वंदन कर बैठक की शुरुआत की। बैठक शुरुआत में निवर्तमान जिला अध्यक्ष अवध राज बिलैया ने शॉल श्रीफल बैठकर स्वागत किया तत्पश्चात सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने एक-एक कर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का स्वागत किया निवर्तमान जिला अध्यक्ष अवध राज बिलैया ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठन लगातार परिवर्तनशील पार्टी है इसमें कोई पद स्थाई नहीं होता होता है तो सिर्फ कार्यकर्ता स्थाई होता है परिवर्तन ही हमारी पार्टी का नियम है। वर्ष 2022 में जब मैं जिला अध्यक्ष बना जो लगातार संगठन को मजबूती प्रदान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी और विधानसभा चुनाव में भले ही हम थोड़े मतों से पीछे रह गए लेकिन लोकसभा में डिंडोरी विधानसभा को विजय हासिल हुई यह जीत भारतीय जनता पार्टी के एक-एक कार्यकर्ताओं की है और हम संगठन को मजबूत करने के लिए मिलकर निरंतर कार्य करेंगे। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम ने कहा कि मुझे गर्व है कि मैं भारतीय जनता पार्टी संगठन का सदस्य हूं हमारे प्रेरणापुंज पंडित दीनदयाल जी ने कहा था कि अंतिम छोर के व्यक्ति का विकास करना हमारा मूल मंत्र है, इसी भावना को चरितार्थ करते हुए भारतीय जनता पार्टी ने मुझ अंतिम छोर के व्यक्ति पर भरोसा जताते हुए जिलाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद पर आसीन किया है जिसके लिए मैं केंद्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व का हृदय से आत्मक आभार व्यक्त करता हूं। भारतीय जनता पार्टी किसी व्यक्ति की पार्टी है यह पार्टी छोटे से छोटे कार्यकर्ता को बड़ी जिम्मेदारी देने वाली पार्टी है हम सभी साथ मिलकर संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे और मतदान केंद्र तक के कार्यकर्ताओं का हर काम होगा यह मैं इस मंच से आश्वासन देता हूं। कार्यकर्ता ही संगठन की पूंजी है हम सभी सत्ता और संगठन का बेहतर तालमेल के साथ पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य करेंगे आप सभी ने मेरा जिस प्रकार से आदमी स्वागत की जिसके लिए मैं हृदय से आप सभी ज्येष्ठ, श्रेष्ठ, पदाधिकारी जनप्रतिनिधिगण एवं देवतुल्य कार्यकर्ताओं का आत्मीय आभार व्यक्त करता हूं।

### मंच का संचालन जिला महामंत्री जयसिंह मरावी व आभार मंडल अध्यक्ष आशीष वैश्य ने व्यक्त किया।

इस दौरान अजजा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री पंकज सिंह तेकाम, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेंद्र सिंह राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते पूर्व विधायक दुलीचंद उरैती, जिला उपाध्यक्ष प्रीतम मरावी, मनोहर सिंह ठाकुर जिला मंत्री सपना जैन अनुराग गुप्ता कीर्ति गुप्ता जिला कोषाध्यक्ष स्कंद चैकसे, जिला कार्यालय मंत्री पुनीत जैन, जिला सोशल मीडिया संयोजक पवन शर्मा, जिला सहसंयोजक अविनाश सिंह सैनी, वरिष्ठ नेत्री एवं जिला पंचायत सदस्य ज्योति प्रकाश धुर्वे वरिष्ठ नेता सुरेंद्र कुमार दुबे, सरमन सिंह ठाकुर रेवा पांडे, वीरेंद्र बिहारी शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ठाकुर, हेम सिंह राजपूत राजकुमार मोगरे, मंडल अध्यक्ष शिवराम राजपूत लक्ष्मी प्रसाद दारका, वर्षा कुशराम, आज जब मोर्चा जिला अध्यक्ष महेश धूमकेती, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राकेश परस्ते, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष दशरथ सिंह राठौर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नरवदिया मरकाम, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष परशराम नागेश, नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता सारस, नपा उपाध्यक्ष सारिका नायक, पार्षद स्मिता बर्मन जनपद अध्यक्ष समनापुर पवंती कुशराम, जनपद अध्यक्ष शहपुरा प्रियंका आर्मो, रितेश जैन, आशीष कोतु, डिंपल दीक्षित, मानबहादुर सिंह, दीपन खंपारिया डॉ. जितेंद्र ब्यौहार, आकाश नामदेव, नीरज शर्मा, जयसिंह सरैया, प्रवीण बर्मन, अजय साहू, सहित वरिष्ठ जन, पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# कलेक्ट्रेट ऑडिटोरियम हॉल में विजन डाक्यूमेंट 2047 तैयार करने हेतु जनसंवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन






**डिंडोरी ।** जिले का विजन डाक्यूमेंट 2047 तैयार करने हेतु कलेक्ट्रेट ऑडिटोरियम हॉल डिंडौरी में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गयाए जिसमें जिले के जनप्रतिनिधिए अधिकारीगणए पत्रकारगणए छात्रए कृषकए उद्यमी सहित सभी वर्ग के गणमान्य नागरिकों ने अपने विचार और सुझाव प्रस्तुत किये।

उक्त जनसंवाद में शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वेए जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रेश परस्तेए नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सारसए जनपद पंचायत अध्यक्ष डिंडौरी श्रीमती आशा सिंहए नगर परिषद उपाध्यक्ष श्रीमती सारिका नायकए जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती हीरा रुद्रेश परस्ते सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कलेक्टर हर्ष सिंहए पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंहए वनमंडल अधिकारी पुनीत सोनकरए सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने अपने सम्बोधन में कहा कि विकसित मध्यप्रदेश के लिए जिले के विजन डाक्युमेंट को तैयार किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य 2047 में जिले के परिदृश्य और विकास के लिए कार्य योजना बनाना है। विजन डाक्युमेंट 2047 जिले के भविष्य को दृष्टिगत रखकर बनाया जा रहा है। जिसमें शिक्षाए स्वास्थ्यए युवाए रोजगारए अधोसंरचनाए कृषिए उद्योगए सुशासन आदि विषयों को समाहित किया जाएगा। वर्ष 2047 तक हमारा जिला कैसा होगा इसके लिए ड्राफ्ट तैयार कर रहे हैए जिसमें हम सबकी सहभागिता आवश्यक है। 2047 तक बदलते परिदृश्य के अनुसार कृषिए उद्योगए सिंचाईए कृषि विपणन एपेयजल की उपलब्धताए बांध निर्माणए बिजली उपलब्धताए जैविक कृषिए सौर ऊर्जाए प्रशिक्षण केंद्र आदि सभी क्षेत्रों के लिए योजना बनाकर कार्य कर रहे है। उन्होंने 2047 के लिए कस्टम हायरिंग सेंटरए उन्नत बीज उपलब्धताए रेशम कपड़ा हबए सीताफल उत्पादनए बिजली में आत्मनिर्भरता जैसे अन्य सुझाव देते हुए कहा कि विजन में सभी के सुझावों को स्वीकार कर बेहतर कार्ययोजना के साथ डॉक्यूमेंट तैयार करेंगे।

कलेक्टर हर्ष सिंह ने कहा कि 2047 के डिंडौरी को विकसित करने में हम सब की सहभागिता और भूमिका हैए आज भी बहुत सी समस्याएं तब नहीं होंगी। जलवायु परिवर्तन की चुनौती के साथ सभी क्षेत्रों में उसके अनुरूप योजना बनाकर मिलकर कार्य करेंगेए उन्होंने पर्यटनए अधोसंरचनाए रोजगार उपलब्धताए शिक्षाए स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों के लिए 2047 के लिए अपने विचार रखे। जनसंवाद के दौरान पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह ने 2047 तक बदलते समाज के अनुसार आवश्यक स्मार्ट पुलिसिंग के बारे में एवं वनमंडलअधिकारी श्री पुनीत सोनकर ने पर्यावरण संगत वन क्षेत्र निर्माण के सम्बन्ध में अपने सुझाव दिए। जनसंवाद कार्यक्रम में मौजूद किसान एउद्यमीए पत्रकारए छात्रए महिलाए वृद्धजन सहित सभी उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने अपने सुझाव देकर विज़न डॉक्यूमेंट 2047 के लिए कार्यक्रम में अपनी भागीदारी की। विज़न डॉक्यूमेंट के लिए प्रारंभिक रूप से की गयी चर्चा में सभी क्षेत्र में बेहतरी के सुझाव प्राप्त हुएए जिन्हें नोट कर आगे की नीति बनायी जायगीएसाथ ही अगले दौर की सामूहिक चर्चा कर सभी की सहभागिता के साथ विज़न डॉक्यूमेंट 2047 बनाया जाएगाए जो विकसित मध्यप्रदेश की अवधारणा को सार्थक करेगा।

# मायावती का 69 वा जन्मदिन को जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया गया



**डिंडोरी।** बहुजन समाज पार्टी जिला इकाई डिंडोरी द्वारा गांव चंद्रागढ़ बैगाचक में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसके मुख्य अतिथि इंदर सिंह उइके मौजूद रहे विशिष्ट अतिथि अंसार अहमद जिला प्रभारी डिंडोरी विशेष अतिथि प्रताप सिंह आर्मो जिला प्रभारी डिंडोरी बसपा अध्यक्षता कर रहे हैं मो असगर सिद्दीकी जिला अध्यक्ष ने कहा कि बसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री उतर प्रदेश की जन्मदिन पर सभी गांवों वालों हार्दिक बधाई शुभकामनाएं करते हुए कहा कि बहन कुमारी मायावती ने आईएएस की नौकरी छोड़कर आई बीएसपी पार्टी में चुनाव लड़ी दो बार हार गए तीसरी बार उन्होंने भारी मतों से जीत दर्ज की और पहली बार उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बनी और बसपा के संस्थापक कांशीराम साहब का मिशन अधूरी जिसको बहन कुमारी मायावती जी कर रही है पूरी जिला अध्यक्ष सिद्दीकी ने कहा कि इस गांव का हर समस्या का समाधान करने के लिए सरकार प्रशासन से हक की लड़ाई लड़ने का आश्वासन दिया वहीं नगर अध्यक्ष बसपा शहपुरा से डुमारी चौधरी ने कहा शिक्षा की व्यवस्था ज्योतिबा फुले ने की और भाजपा कांग्रेस ने सभी सरकारी स्कूलों को प्राइवेट करण रहे है दोनों सरकारों ने अपना उल्लू सीधा करने का काम किया है। अतः में मुख्य अतिथि इंदर सिंह उइके ने कहा बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर ने लिखा है सभी अधिकार बाबासाहेब ने दिया सत्ता सरकार ने आज तक आदिवासी हित में कोई काम नहीं किए। आभार व्यक्त किया गया है। यह रहे उपस्थित अंसार अहमद, ललित बनावल, खुर्शीद आलम, बाकर अली,डुमारी चौधरी, घनश्याम नामदेव, ओमप्रकाश रैदास, गांव के ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित रहे।

# शहपुरा विधायक ओम प्रकाश धुर्वे और कलेक्टर ने सीवर ट्रीटमेंट प्लांट की प्रगति का किया निरीक्षण



**डिंडौरी ।** शहपुरा विधायक ओम प्रकाश धुर्वे और कलेक्टर हर्ष सिंह ने आज बुधवार को नगर परिषद डिंडौरी में सीवर ट्रीटमेंट प्लाण्ट की प्रगति का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता सारस, सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, पार्षद रितेश जैन, ज्योतिरादित्य भलावी सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। अपशिष्ट जल के प्रबंधन के लिए नगर परिषद में सीवर ट्रीटमेंट प्लाण्ट का निर्माण किया जा रहा है। विधायक श्री धुर्वे और कलेक्टर श्री सिंह ने सीवर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए नगर में बिछाई जा रही पाइपलाइन के सम्बन्ध में भारतमाता चौक, रानी अवन्तिबाई चौक, शंकर घाट, गायत्री मंदिर क्षेत्र में स्थल का निरीक्षण कर प्लांट की प्रगति का जायजा लिया। जिसमें बताया गया, कि वाटर ट्रीटमेंट के लिए नगर के 1100 घरों में कनेक्शन कर लिया गया है, शेष कार्य जारी है। निरीक्षण के दौरान कार्य प्रगति संतोषजनक नहीं पायी गयी, आउटलेट के लिए पाइपलाइन की चौड़ाई, मैनहोल में ओवरफ्लो की समस्या, ड्रेनज की समस्या आदि पर उचित कार्यवाही करने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। विधायक श्री धुर्वे ने संबंधितों को अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र का गुणवत्तापूर्ण निर्माण करने के निर्देश दिए साथ ही कार्य को शीघ्र पूर्ण करनें की बात कही । कलेक्टर श्री सिंह ने मैनहोल में जेटिंग मशीन से सफाई करवाने और प्रति 7 दिन में कार्यप्रगति की रिपोर्ट सीईओ जिलापंचायत को देने के लिए निर्देशित किया।

## भारतीय मजदूर संघ ने 25 सूत्रीय मांग के लिए बरतराई खदान में किया गेट मीटिंग

**राजनगर।** रामनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत भारतीय मजदूर संघ जमुना- कोतमा के द्वारा सोमवार सुबह बरतराई खदान में 25 सूत्रीय श्रमिक हितैषी मांग पत्र के संबंध में गेट मीटिंग संपन्न हुई। इस गेट मीटिंग में क्षेत्रीय अध्यक्ष विजय सिंह, महामंत्री रोशन उपाध्याय, तथा क्षेत्रीय कल्याण समिति सदस्य संजय सिंह, तथा बरतराई भूमिगत खदान के भारतीय मजदूर संघ के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। क्षेत्रीय अध्यक्ष विजय सिंह द्वारा कई विषयों पर चर्चा की गई तथा कई आवश्यक विषयों की जानकारी दी गई। क्षेत्र के प्रत्येक खदानों में इस समय लगातार सभा चल रही है। जिसमें क्षेत्र के श्रमिकों का अपार समर्थन मिल रहा है। ज्ञात हो कि 25 दिसंबर को भारतीय मजदूर संघ के द्वारा औद्योगिक विवाद अधिनियम की धारा 22 के तहत 25 सूत्रीय मांग पत्र के साथ हड़ताल पर जाने हेतु क्षेत्रीय महाप्रबंधक जमुना - कोतमा को नोटिस दिया गया था। जिसमें 12 दिवस के उपरांत 9 जनवरी से 14 जनवरी 25 तक सभा एवं 15 जनवरी को शाम 4 बजे से क्षेत्रीय क्षेत्रीय क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन एवं श्रमिक भूख हड़ताल का आगाज करेगा। आवश्यकता पड़ने पर क्षेत्र का कोल परिवहन भी बंद करेगा।।जिसको देखते हुए क्षेत्रीय महाप्रबंधक के द्वारा 27 दिसंबर 24 को बैठक बुलाकर श्रम संगठन के पदाधिकारिओं से वार्ता की गई। चर्चा उपरांत श्रमिक संगठन के द्वारा यह कहा गया की 9 जनवरी 25 तक अगर संतोष जनक निर्णय होते हैं। तो संगठन आगे की कार्रवाई नहीं करेगा, परंतु अभी तक संगठन के द्वारा यह बताया गया कि महाप्रबंधक के साथ बैठक के उपरांत निर्धारित मुद्दों पर कोई संतोष जनक कार्य नहीं हुआ है। जिससे संगठन के द्वारा चरण बद्ध आंदोलन शुरू कर दिया गया है एवं 15 जनवरी 25 को विशाल जन समूह के साथ प्रदर्शन करके तथा क्रमिक भूख हड़ताल शुरू करेगा। बरतराई भूमिगत खदान से भारतीय खदान मजदूर संघ के पदाधिकारीयो में आकाश तोमर एरिया सेफ्टी कमेटी सदस्य, एस.के बंजारे जेसीसी, अध्यक्ष संदीप कुजूर, सचिव पवन सिंह, बरतराई खदान एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एक दिवस के लिए मदिरा दुकान का लायसेंस निलंबित करते हुए बंद किये जाने का आदेश जारी




**डिंडौरी ।** डिंडौरी जिले की कम्पोजिट मदिरा दुकान समनापुर के वर्ष 2024-25 में मेसर्स वामिका ट्रेडर्स, प्रो. रोहित जयसवाल अनुज्ञप्तिधारी है। वृत्त प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त समनापुर द्वारा जाँच के दौरान 14 नवंबर 2024 को कम्पोजिट मदिरा दुकान समनापुर के विक्रयकर्ता को निर्धारित अधिकतम विक्रयदर से अधिक दर पर मदिरा विक्रय करते पाये जाने पर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। यह कृत्य सामान्य अनुज्ञप्ति शर्त का उल्लंघन है। उक्त अनियमितता के लिये कारण बताओ सूचना पत्र 30 नवंबर 2024 को जारी किया गया। जिसका अनुज्ञप्तिधारी के द्वारा कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। उक्त अपराध के लिए प्रावधान अनुसार 23 जनवरी 2025 दिन गुरुवार को एक दिवस हेतु उक्त मदिरा दुकान का लायसेंस निलंबित करते हुये बंद किया जाना आदेश जारी किया गया एवं विदेशी मदिरा के दो लेबलों पर निर्धारित से अधिक मूल्य पर मंदिरा का विक्रय पाये जाने पर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 48(1)-क के अंतर्गत रुपये 25000/ के संधान शुल्क पर प्रकरण का शमन जारी किया गया एवं अनज्ञप्तिधारी को सचेत किया गया,कि भविष्य में इस अपराध की पुनरावृत्ति न की जाए।

# बीच सड़क तक फैला अतिक्रमणकारियों का जाल

**कोतमा।** नगर के प्रमुख मार्गों में अतिक्रमण हर व्यक्ति के लिए समस्या बन गई है। जिसको लेकर हरिभूमि ने प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था। समाचार को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के द्वारा जिला यातायात विभाग को निर्देश देते हुए यह कहा गया था कि सप्ताह में 2 दिन कोतमा नगर का भ्रमण यातायात एवं स्थानीय पुलिस अमला के द्वारा किया जाए साथ ही सड़क पर लग रही दुकान एवं पार्किंग की जगह पर व्यापारियों के द्वारा अपने निजी वाहन खड़ा करते हुए अघोषित पार्किंग का अड्डा बना लिया गया है जिसे हिदायत देते हुए नहीं मानने की स्थिति पर चालानी कार्रवाई की जाए।

### खानापूर्ति करने आते हैं जिम्मेदार

जिला यातायात विभाग के द्वारा बीस दिन या महीने में एक बार कोतमा के बाजार में घूम कर व्यापारियों एवं दुकानदारों को हिदायत देकर अपने कर्तव्यों से खाना पूर्ति करते हुए वाहन में घूम कर थाना पूर्ति करते हुए अनाउंसमेंट कर व्यापारियों को यह हिदायत देकर कि सीमा रेखा के बाहर यदि दुकान लगाई गई एवं अघोषित रूप से व्यापारियों के द्वारा वाहन खड़ा करते हुए पार्किंग बनाया गया है वह अपने वाहन को सुबह 8 से रात्रि 10 बजे तक बाजार एरिया से बाहर खड़ी करें अन्यथा चालानी कार्रवाई करते हुए कानूनी कार्यवाही की जाएगी और अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर फिर दोबारा पता ही नहीं चलता है।

### सड़क पर कब्जा

अतिक्रमणकारी राहगीरों के चलने वाली सड़क को भी कब्जा कर लिए है। नगर के मुख्य मार्गों में अतिक्रमणकारियों का बोलबाला है। सड़क किनारे जगह-जगह बड़े दुकान एवं फुटपाथी दुकानदारों ने कब्जा जमा लिया है जिससे सड़क संकरी हो गई है। इससे आए दिन सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रहती है। बाजार के अधिकतर दुकानदार अपनी दुकान की सीमा से बाहर भी सामान रखे रहते हैं, जिसका खामियाजा आमजनों को भुगतना पड़ता है। इससे सड़कों पर पैदल चलने वाले फुटपाथ पर पैर रखने की जगह नहीं बची होती है। गांधी चौक से स्टेशन चौक और पुराना अस्पताल रोड से पंचायती मंदिर रोड के मार्गों में दुकानदारों के द्वारा मनमाने तरीके से दुकान की सामग्री बाहर लगा कर सड़क को छोटा करते जा रहे हैं जिस पर स्थानीय प्रशासन का ध्यान नहीं जा रहा है न ही नगर पालिका के जिम्मेदार अतिक्रमण हटाने की तैयारी में है। कुल मिला कर आमजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर में सड़कों पर अतिक्रमण से समस्या बढ़ गई है आमजनो को सड़को पर पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। दुकानों का सामान निकालकर सड़क पर रखा जा रहा है।



### सड़क तक फ्लैक्स बोर्ड

जिस जगह पर ग्राहको के वाहन खड़े होने चाहिए। वहां दुकान दारो ने बड़े बड़े बोर्ड लगा रखे है। इस वजह से सड़क पर यातायात प्रभावित है। व्यापारियो के द्वारा मनमानी की जा रही है। अव्यवस्था को सुधारने के लिए कोई प्रयास नहीं किए जा रहे है।

## सुपारी व मोहपानी में ग्रामीणों से किया संवाद

# कलेक्टर ने किया शिविर का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत जिले की जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सुपारी व जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मोहपानी में लगाये गये शिविरों का निरीक्षण बुधवार को किया। यहां उन्होंने रूबरू संवाद कर ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनी और आवेदन लिये। ग्राम पंचायत सुपारी में आयोजित मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि यहां के 10 लोगों की मृत्यु हो जाने पर उनका नाम समग्र पोर्टल से हटाया जाये।

कलेक्टर के पूछने पर संबंधित अधिकारी ने बताया कि यहां 119 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनना शेष है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि जल्द से जल्द शेष लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये जायें। सर्वे के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास प्लस में पात्र व्यक्तियों के नाम जोड़ने के कार्य किये जायें। यहां बीपीएल राशन कार्ड के लिए सर्वे किया जाये।

### स्वसहायता समूह कर्मियों से की चर्चा

ग्राम सुपारी में ग्रामीणों ने शमशान घाट नहीं होने की शिकायत कलेक्टर को बताई। श्मशान घाट निर्माण के लिए छोटे वीर पटेल द्वारा अपनी निजी भूमि दान दी गई। मौके पर ही इसका प्रस्ताव पारित किया गया। कलेक्टर ने ग्रामीणों से कहा कि वे जलकर का भुगतान समय पर करें, जिससे जल आपूर्ति बनी रहे। उन्होंने एनआरएलएम स्व सहायता समूह से चर्चा भी की। ग्राम पंचायत मोहपानी में आयोजित जनकल्याण शिविर के दौरान दो बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन पाने से कलेक्टर ने जन्म प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिये। यहां ग्रामीणों ने भी कलेक्टर को विभिन्न समस्याओं के आवेदन दिये।

### कलेक्टर ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं






### अतिक्रमण हटाने जाने की मांग

कलेक्टर ने कहा कि यहां आशा कार्यकर्ता की नवीन नियुक्ति और कोटवार की नियुक्ति का प्रस्ताव बनाया जाये। जो विकास कार्य ग्राम पंचायत में रुके हुए हैं उन कार्यों को कराया जाये। जंगली जानवरों द्वारा फसलें खराब होने की शिकायत पर कलेक्टर ने वन विभाग को निगरानी करने के निर्देश दिये। ग्रामीणों ने शमशान घाट जाने के लिये रास्ता नहीं होने व शासकीय जमीन पर शमशान घाट बनाने और अतिक्रमण हटाने जाने की मांग पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिये। बड़ागांव के शिक्षक द्वारा बेहतर तरीके से शिक्षण संबंधी कार्य करने पर 26 जनवरी को सम्मानित करने के लिए नाम प्रस्तावित करने के निदेश भी दिये। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, एसडीएम श्रीमती कलावती व्यारे, जनप्रतिनिधि, संबंधित ग्राम पंचायतों का स्थानीय, संबंधित पंचायतों के जिला स्तरीय नोडल अधिकारी, अन्य अधिकारी- कर्मचारी और ग्रामीणजन मौजूद थे।

### इन ग्राम पंचायतों में आज लगेगा शिविर

मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत जिले की नगरीय निकायों व जनपद पंचायतों में क्लस्टर के अनुसार ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 16 जनवरी को जनपद पंचायत नरसिंहपुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत झिरीखुर्द व बेलखेड़ा, जनपद पंचायत गोटेगांव के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सांकल व बुधगांव, जनपद पंचायत करेली के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पिपरिया रांकई व घुरपुर, जनपद पंचायत चांवरपाठा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत रमपुरा व पीपरपानी के संबंधित ग्राम पंचायत भवन, जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत रातीकरार के पंचायत मुख्यालय और जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत देतपोंन, पीपरपानी व टेकापार में शिविर लगाये जायेंगे।

## खबर संक्षेप

### दूसरे दिन भी नहीं मिला साकल घाट में डूबे युवक का शव



**गोटेगांव।** तहसील के थाना ठेमी अंतर्गत ग्राम सांकल के नर्मदा घाट में युवक स्नान करते समय गहरे पानी में डूब गया। इस युवक के साथी योगेश कुमार निवासी मुज्फर नगर यूपी ने बताया कि वह गुड़ भट्टी पर कार्य करता है वह बटोरी गांव में कार्य करने के लिए आया था। वह अपने साथी आसिफ अली उम्र 20 वर्ष के साथ मेला आया था। नहाने के लिए ऊपरी हिस्से में था, वह पानी में नहा रहा था उसी समय उसका साथी आसिफ अली वहां पर मौजूद नर्मदा की चट्टान पर चढ़ कर नर्मदा जल में स्नान करने कूद था। तभी वह गहरे पानी में चला गया उसने डुबता हुआ देख कर उसको बचाने का बहुत प्रयास किया मगर वह नहीं बचा पाया और वह डुब गया। इसकी जानकारी मिलने पर एसडीओपी भावना मराबी के साथ पुलिस पहुंची। ठेमी पुलिस डुबे युवक की तलाश में लगी है। इस संबंध में पुलिस एसडीओपी भावना मरावी ने कहा कि सांकल घाट में डूबे युवक की स्थानीय गोताखोर की मदद से तलाश कराई जा रही है। अभी तक डूबे हुए युवक का शव पानी से बरामद नहीं हुआ है हमारा तलाशी अभियान लगातार जारी है।

### युवक ने खाया जहर, मौत

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** गत दिवस युवक द्वारा अज्ञात कारणों से युवक द्वारा जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भूरा उर्फ अनिकेश पिता सुखलाल कोल उम्र 20 वर्ष निवासी जिला उमरिया के चंदवारा ग्राम का निवासी है जो भरवारा निवासी किसान के यहां काम करने के लिये आया हुआ था जहां पर उसने जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग प्रकरण तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### दूध की उधारी मांगने पर मारपीट



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। बीते दिवस थाना ठेमी अंतर्गत ग्राम बेदू में घर घर दूध देने वाले विक्रेता को दूध की उधारी मांगना महंगा पड़ गया। उधारी मांगने पर पीड़ति के साथ बेरहमी के साथ मारपीट कर दी गई घटना के दौरान कई लीटर दूध भी सड़कों पर बह गया। पीड़ति द्वारा पुलिस थाना ठेमी मे दर्ज की शिकायत मे बताया गया है कि वह दूध का विक्रय का कार्य करता है। वही दूध की उधारी के रुपये माँगने पर ग्राम नोन पिपरिया निवासी युवक नीलेश साहू पिता स्वर्गीय डब्बल साहू के साथ बेरहमी से बेदू ग्राम के ही निवासी आकाश बख्शी व अन्य ने मारपीट की व उसे गाँव में न आने की धमकी दी। मामले की शिकायत थाना ठेमी की गई जिस पर पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध किया। गौरतलब है कि पीड़ति युवक के भाई मुरारी साहू के साथ भी जुलाई 2024 में नोन पिपरिया गाँव में मारपीट की गई थी जिसमें मुरारी की मौत हो गई थी। उक्त मामले में पीड़ति परिजन आज भी न्याय की गुहार लगा रहे हैं।

## स्वामित्व योजनांतर्गत जिला व ग्राम स्तरीय कार्यक्रम 18 को

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में स्वामित्व योजना के अंतर्गत केंद्र स्तरीय कार्यक्रम 18 जनवरी को किया जायेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से चयनित स्वामित्व योजना के लाभार्थियों से बात करेंगे। जिले में पात्र हितग्राहियों को भूमि स्वामी अधिकार अभिलेख का वितरण जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में समारोहपूर्वक जिला व ग्राम स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में किया जायेगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम में हितग्राहियों के आवागमन की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जायेगी। जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वेबकास्ट के माध्यम से प्रसारण किया जायेगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए अनुविभागीय राजस्व अधिकारी नरसिंहपुर को नोडल अधिकारी बनाया गया है। कार्यक्रम के दौरान 12 मार्च 2024 के उपरांत स्वामित्व योजना के निराकृत प्रकरणों में पात्र हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख का वितरण किया जायेगा। इस संबंध में अपर कलेक्टर नरसिंहपुर ने गाडरवारा, सांईखेड़ा, गोटेगांव, नरसिंहपुर, करेली व तेंदूखेड़ा के तहसीलदारध सहायक सर्वेक्षण अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिये हैं। आयोजित कार्यक्रम 18 जनवरी को दृष्टिगत रखते हुए उक्त योजना के तहत वितरण से शेष समस्त हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख का वितरण पूर्व से न करते हुए जिला व ग्राम स्तरीय कार्यक्रम के दौरान किया जाये।

### एल एन साहू को मिली पीएचडी की उपाधि



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मैट्स विश्वविद्यालय रायपुर छ. ग. से एल.एन. साहू को कंप्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन विषय में पीएचडी प्रदान की गई। श्री साहू ने अपना शोध कार्य प्रो. डॉ. भावना नारायण के मार्गदर्शन में मल्टी - मॉडल मेथड फॉर फेक न्यूज डिटेक्शन यूजिंग मशीन लर्निंग विषय पर पूर्ण किया। वे श्रीमती पार्वती -हेतराम साहू के पुत्र हैं।

### युवक को मारी गोली, हालत गंभीर

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** बीती रात थाना क्षेत्र सुआतला के ग्राम डोंगरगांव मे युवक पर गोली चलाई गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार-बुधवार रात को बाड़ी से लकड़ी लेने के विवाद में एक व्यक्ति ने युवक पर गोली चला दी। घटना में युवक की जांघ में गोली जा लगी। घायल को जिला अस्पताल लाया गया। जहां से घायल को गंभीर हालत में जबलपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस के अनुसार दुर्गेश नौरिया उम्र 28 वर्ष ने आरोपी संतु उर्फ संतराम पटेल के बाड़े से लकड़ी ले ली। इसी बात से नाराज संतु ने दुर्गेश पर बंदूक से फायरिंग की। गोली दुर्गेश के जांघ में लगी। पहले जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जबलपुर रेफर कर दिया गया। सुआतला थाना प्रभारी बीएल त्यागी ने बताया कि घायल युवक की हालत में सुधार है, लेकिन वह सिर्फ भरमार-भरमार कह पा रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। साथ ही उसकी तलाश जारी है। घटना की गहन जांच की जा रही है।

### अवैध कारोबार को लेकर शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस शिवसेना द्वारा पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई। आवेदन मे बताया गया कि थाना क्षेत्र मुंगवानी के ग्राम बचई बरहटा, देवनगर, गोरखपुर आसपास क्षेत्रों में अवैध कारोबार किया जा रहा है। मुंगवानी थाना क्षेत्र के कई ग्रामों में अवैध शराब एवं सट्टा का कारोबार खुलेआम चल रहा है जिससे क्षेत्र में अशांति फैल रही है साथ क्षेत्र के युवाओं शराब व अवैध सट्टा के कारोबार में लिप्त हो रहे हैं। ज्ञापन के माध्यम से कार्रवाई मांग की गई है। ज्ञापन मे बताया गया है कि पुलिस द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो शिव सेना द्वारा आंदोलन किया जावेगा।

## सर्वे के नाम पर विद्युत उपभोक्ताओं पर मामले बनाये जाने को लेकर फूटा गुस्सा



तेंदूखेड़ा बुधवार को तेंदूखेड़ा में कृषि उपकरण निर्माता इंडस्ट्री क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं के साथ कुछ अन्य उपभोक्ताओं के ऊपर विद्युत सर्वे के नाम पर गुप चुप तरीके से मामले बनाये जाने की बात सामने आते ही उपभोक्ताओं का ग़ुस्सा फूट पड़ा और बड़ी संख्या में एकत्रित होकर पुनः इंडस्ट्री कारखाने में पहुंचे अधिकारियों को घेर लिया। तथा आप बीती बताते हुए स्पष्ट किया कि हम लोग नियमित बिल भुगतान किया करते हैं।

अलग-अलग ट्रांसफार्मर भी रखे हुए हैं। जितना लोड के आधार पर बिल आता है उसी हिसाब से बिल का भुगतान किया करते हैं।चार माह सीजन के समय कृषि यंत्रों का निर्माण हुआ करता है बाकी आठ माह तो काम धाम ना होने की स्थिति में भी बिल की अदायगी किया करते हैं। इसके बावजूद भी पुनः कारखानों का सर्वे के नाम पर प्रकरण बनाकर नोटिस थमाए जाने की योजना बनाई जा रही है। विद्युत उपभोक्ताओं का कहना था कि जिस हिसाब से बिजली जलती है उसी हिसाब से रीडिंग बिल आते हैं।अब अलग से चोरी करने और लोड का विषय भी नहीं है और यदि कोई लोड का विषय हो तो अधिकारी हम लोगों को जानकारी देते तो बैठकर वह भी सुधार कर लेते इस तरह से कार्यवाही ठीक नहीं है।

### गोदाम का ही बना दिया मामला

कार्यवाही से पीड़ित गज्जू अग्रवाल ने बताया कि उनकी छोटा सा टेंट का धंधा है। मुख्य सड़क मार्ग पर सामग्री रखी हुई है। वहां पर बिजली का कोई काम ही नहीं है फिर अधिकारियों ने हमें बुलाया और सर्वे के नाम पर गोदाम का वीडियो बनाया कोरे कागज पर हस्ताक्षर भी करवा लिए और चले गए निश्चित तौर पर भविष्य में कुछ भी लिखकर मामला दर्ज कर सकते हैं। कृषि उपकरण निर्माता भूपेंद्र नायक का कहना था कि पूर्व में इसी तरह से ही हमारे ऊपर प्रकरण दर्ज किए गए हैं। और लाखों रुपए के बिल थमाये गये हैं। कुर्की के नोटिस तक थमाये गये हैं।

### आये दिन होती हैं घटनाएं

तेंदूखेड़ा सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत को लेकर घटनाएं घटित होती रहतीं हैं। मेंटेनेंस के नाम पर मनमाने तरीके से विद्युत कटौती चलती रहती है। फिर भी दूसरे दिन फिर वही विद्युत कटौती शुरू हो जाती है। मेंटेनेंस के नाम पर सुधार के बाबजूद विभिन्न लोगों की मौतें हो जाने के आगजनी की घटनाओं के बाबजूद आज तक कोई भी उचित सुधार नहीं हो सका है।

### इनका कहना है

जांच करने गाडरवारा से पहुंचे जेई सुबोध सिंह ठाकुर का कहना था कि मामले नहीं बनाये जा रहे हैं बल्कि लोड जांच कर बढ़े हुए लोड को लेकर लोड बढ़ाने के लिए बोला जा रहा है। यदि इन लोगों की कोई शिकायत है तो बैठकर हल करते हैं। लिखित में दे रहा हूं कि कोई भी मामले नहीं बना रहें हैं। लेकिन जिन उपभोक्ताओं के लोड बढ़े हुए हैं वह विभाग के हिसाब से अपनी अपनी औपचारिकताएं पूरी करवा लेवें।

### ठेमी थाना प्रभारी प्रियंका केवट ने पदभार संभाला



**गोटेगांव।** तहसील के अंतर्गत ठेमी थाना पुलिस प्रभारी का दायित्व प्रियंका केवट ने अपना पदभार संभाल लिया है। वहीं बीते दिवस थाना प्रभारी का करकबेल आगमन हुआ। यहां अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन कार्यालय में ब्लॉक अध्यक्ष अंकित शुक्ला एवं ब्लाक उपाध्यक्ष डॉ. विनय पटेल एवं महिला मोर्चा अध्यक्ष अनीता श्रीवास्तव ने थाना प्रभारी से ग्राम की यातायात व्यवस्था सुधारने की मांग की थी। जहां ठेमी थाना प्रभारी प्रियंका केवट ने आश्वासन दिया कि पुलिस करकबेल की यातायात व्यवस्था में सुधार करने कार्रवाई करेगी। जिससे लोगों की समस्या का समाधान हो सके। इसके साथ ही विगत दिवस थाना प्रभारी ने करकबेल,बौछार,मल्हार पिपरिया सहित अन्य गांव का भ्रमण करते व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

## विधिक सेवा एवं जागरूकता शिविर का आयोजन



**गोटेगांव।** न्यायालय की तहसील विधिक सेवा समिति गोटेगॉव द्वारा माननीय सचिव महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर (म.प्र) के निर्देशानुसार विगत दिनांक 15-1-2025 को प्रातः10 :बजे आंगनबाड़ी केंद्र मुरलीधर वार्ड गोटेगांव में महिलाओ के लिए चलाई जा रही न्यायालय संबंधी योजनाओ के विषय मे जानकारी प्रदान करने के संबंध में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया आयोजन कार्यक्रम में तहसील विधिक सेवा समिति गोटेगाँव की अध्यक्ष/ न्यायिक मजिस्ट्रेट। माननीय बॉबी सोनकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका अधिवक्ता मनीष अंगिरा अधिवक्ता के के सराठे समस्त स्टाफ न्यायालयीन कर्मचारीगण एवं विधिक सेवा कर्मचारी पैरालीगल वांलेटियर शाहिल मेहरा एंव आदि उपस्थित रहे। आयोजित शिविर मे उपस्थित माननीय न्यायाधीश महोदय द्वारा शिविर में उपस्थित समस्त महिलाओं को न्याय प्रणाली एवं शासन के द्वारा चलाई जा रही

नालसा एवं सालसा की समस्त जनकल्याणरी योजनाऐ जैसे श्रमिक कार्ड विधवा पेशन संबंल योजना व शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओ की जानकरी एवं अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना 2015 निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह ओर उसके लाभ की जानकारी दी गई ।